पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स-2020

प्रलिम्सि के लिये

पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स-2020

मेन्स के लिये

भारत के राज्यों में गवर्नेंस की स्थिति

चर्चा में क्यों?

हाल ही में '**पब्लिक अफेयर्स सेंटर**' (Public Affairs Centre) द्वारा जारी किये गए **पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स-2020** (Public Affairs Index- PAI), 2020 में केरल को बड़े राज्यों की श्रेणी में **सर्वश्रेष्ठ शासित** (Best-Governed) राज्य घोषित किया गया जबकि उत्तर प्रदेश निचले पायदान पर रहा।

प्रमुख बिंदु:

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (ISRO) के पूर्व अध्यक्ष **के. कस्तूरीरंगन** की अध्यक्षता में शहर-आधारित गैर लाभकारी संगठन (City-based Not-for-Profit Organisation) '**पब्लिक अफेयर्स सेंटर**' (Public Affairs Centre) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि राज्यों को **सतत् विकास** (Sustainable Development) के संदर्भ में एक समग्र सूचकांक के आधार पर **शासन प्रदर्शन** (Governance Performance) में स्थान दिया गया।

बड़े राज्यों की श्रेणी:

- दक्षिण भारत के निम्नलिखित चार राज्य शासन की दृष्टि से बड़े राज्य की श्रेणी में पहले चार स्थान पर मौजूद हैं।

क्रमांक	**राज्य**	**PAI सूचकांक बिंदु**
1.	केरल	1.388
2.	तमिलनाडु	0.912
3.	आंध्र प्रदेश	0.531
4.	कर्नाटक	0.468

- बड़े राज्यों की श्रेणी में उत्तर प्रदेश (-1.461), ओडिशा (-1.201) और बिहार (-1.158) पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स-2020 की रैंकिंग में सबसे निचले स्थान पर थे।



//

- पिछले वर्ष की तुलना में इस बार तेलंगाना (0.388) ने सातवें स्थान से छठे स्थान पर आकर 18 बड़े राज्यों में अपना स्थान बना लिया है।
- PAI सूचकांक-2019 में, तेलंगाना सातवें स्थान पर था। जहाँ तेलंगाना को **समता** (Equity) मापक में सबसे खराब घोषित किया गया था।
    - 'अभिव्यक्ति एवं जवाबदेही' (Voice and Accountability) और 'कानून का शासन' (Rule of Law) में तेलंगाना की खराब स्थिति ने भी इसकी निचली रैंकिंग में एक भूमिका निभाई थी।

छोटे राज्यों की श्रेणी:



- छोटे राज्यों की श्रेणी में गोवा 1.745 अंकों के साथ पहले स्थान पर है जबकि मेघालय (0.797) और हिमाचल प्रदेश (0.725) क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।
- नकारात्मक अंकों के साथ सबसे खराब प्रदर्शन मणिपुर (-0.363), दिल्ली (-0.289) और उत्तराखंड (-0.277) का रहा है।

केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी:

The Vision



- चंडीगढ़ 1.05 अंकों के साथ केंद्रशासति प्रदेशों की श्रेणी में शीर्ष है, इसके बाद पुडुचेरी (0.52) और लक्षद्वीप (0.003) का स्थान है।
- सबसे खराब प्रदर्शन करने वालों में दादर एवं नगर हवेली (-0.69), जम्मू एवं कश्मीर (-0.50), अंडमान और निकोबार (-0.30) शामलि हैं।

पब्लकि अफेयर्स इंडेक्स-2020 के मापक:

- PAI के अनुसार, पब्लकि अफेयर्स इंडेक्स-2020 में **समता** (Equity), **वृद्धि** (Growth) और **संधारणीयता** (Sustainability) के तीन स्तंभों द्वारा परभिाषति सतत् वकिास (Sustainable Development) के संदर्भ में शासन के प्रदर्शन का वशि्लेषण कयिा जाता है।
- इन तीन आयामों के आधार पर समग्र सूचकांक का नरि्माण कयिा गया है। तीनों आयामों में से प्रत्येक को नमि्नलखिति पाँच**गवर्नेंस प्राक्ससि थीम**' (Governance Praxis Themes) द्वारा परचिालति कयिा जाता है जो वकिास के परणिामों की गतएिवं दशिा को प्रभावति करते हैं।
    - अभवि्यक्तएिवं जवाबदेही (Voice and Accountability)
    - सरकारी प्रभावशीलता (Government Effectiveness)
    - कानून का नयिम (Rule of Law)
    - नयिामक गुणवत्ता (Regulatory Quality)
    - भ्रष्टाचार पर नयिंत्रण (Control of Corruption)
- इसके अतरिकि्त पब्लकि अफेयर्स इंडेक्स-2020 के समग्र सूचकांक में 50 घटक संकेतकों व 13 सतत् वकिास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals- SDGs) को भी सम्मलिति कयिा जाता है जो राज्यों/केंद्रशासति प्रदेशों के लयि प्रासंगकि हैं।

नष्किर्ष:

- यदइिस सूचकांक को व्यापक रूप से देखा जाए तो दक्षणिी राज्यों ने अपने उत्तरी समकक्षों की तुलना में **समता** (Equity), **वृद्धि** (Growth) और **संधारणीयता** (Sustainability) में बेहतर प्रदर्शन कयिा है।

स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/public-affairs-index-2020